भारत सरकार
रेल मंत्रालय

लोक सभा
06.12.2023 के
अतारांकित प्रश्न सं. **623** का उत्तर

नवीकरणीय ऊर्जा

623. श्री धर्मेन्द्र कश्यप:
श्री अण्णासाहेब शंकर जोल्ले:
डॉ. मनोज राजोरिया:
श्री बी.वाई. राघवेन्द्र:
श्री बसंत कुमार पंडा:
डॉ. अरविन्द कुमार शर्मा:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) भारतीय रेल में पर्यावरण अनुकूल ईंधन और ऊर्जा के नए स्रोतों के विस्तार में भारतीय रेल वैकल्पिक ईंधन संगठन (आईआरओएएफ) द्वारा की गई प्रगति का ब्यौरा क्या है;

(ख) "अमृत भारत स्टेशन योजना" से रेलवे स्टेशनों में नवीकरणीय ऊर्जा के उपयोग को किस प्रकार बढ़ावा दिया जाता है; और

(ग) रेलवे की शत-प्रतिशत विद्युतीकरण पहल की राज्य-वार विस्तृत स्थिति क्या है?

उत्तर

रेल, संचार एवं इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) से (ग): विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

******

नवीकरणीय ऊर्जा के संबंध में दिनांक **06.12.2023** को लोक सभा में श्री धर्मेन्द्र कश्यप, श्री अण्णासाहेब शंकर जोल्ले, डॉ. मनोज राजोरिया, श्री बी.वाई. राघवेन्द्र, श्री बसंत कुमार पंडा, और डॉ. अरविन्द कुमार शर्मा के अतारांकित प्रश्न सं. **623** के भाग (क) से (ग) के उत्तर से संबंधित विवरण।

(क): भारतीय रेल में आरआरओएएफ की स्थापना वैकल्पिक ईंधन की खोज के लिए किया गया था। चूंकि रेलवे विद्युतीकरण की ओर अग्रसर हो गया है अत: आईआरओएएफ को **07.09.2021** से बंद कर दिया गया है।

(ख): "अमृत भारत स्टेशन योजना" में निधियों की उपलब्धता और मौजूदा परिसंपत्तियों की स्थिति के अनुसार स्थायी और पर्यावरण अनुकूल समाधान की ओर क्रमिक बदलाव की परिकल्पना की गई है जिसमें नवीकरणीय ऊर्जा का उपयोग शामिल है।

(ग): 30.11.2023 की स्थिति के अनुसार भारतीय रेल की बड़ी लाइन नेटवर्क के विद्युतीकरण की जोन-वार स्थिति निम्नानुसार है:

क्र॰ सं॰	जोन	**30.11.2023** की स्थिति के अनुसार विद्युतीकृत बड़ी लाइन (बीजी) मार्ग कि.मी (आरकेएम)
1	मध्य रेलवे	**3,888**
2	पूर्व तट	**2,954**
3	पूर्व मध्य	**4,025**
4	पूर्व	**2,775**
5	उत्तर मध्य	**3,257**
6	पूर्वोत्तर	**3,195**
7	पूर्वोत्तर सीमा	**2,004**
8	उत्तर रेलवे	**6,799**
9	उत्तर पश्चिम	**4,642**
10	दक्षिण मध्य	**5,998**
11	दक्षिण पूर्व मध्य	**2,348**
12	दक्षिण पूर्व	**2,753**
13	दक्षिण	**4,612**
14	दक्षिण पश्चिम	**2,899**
15	पश्चिम मध्य	**3,067**
16	पश्चिम	**4,827**
17	मेट्रो कोलकत्ता	**43**
18	कोंकण रेलवे कॉरपोरेशन लिमि.	**738**
	कुल	**60,814**

******